04.07.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

<u>प्रधानमंत्री- अर्जेंटीना</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अगले चरण में आज अर्जेंटीना जा रहे हैं। श्री मोदी अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के निमंत्रण पर दो दिन की यात्रा पर वहां गए हैं। भारत के किसी भी प्रधानमंत्री की 57 वर्ष बाद अर्जेंटीना की यह पहली यात्रा है। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग और कार्यनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी।

लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' अंतर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि अंतरण किया । उन्होंने प्रदेश के 12वीं कक्षा 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

<u>मुख्यमंत्री–सिंगरौली</u>

प्रदेश के अनूपपुर और सिंगरौली जिले को आज विकास की सौगात मिलने जा रही है। अनूपपुर जिले में 443.31 करोड़ रूपये लागत के 114 विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा, वहीं सिंगरौली जिले को 503 करोड़ 9 लाख 19 हजार रूपये लागत के 54 विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इन विकास कार्यों की सौगात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं अनुपपुर और सिंगरौली जाकर देंगे। श्री यादव अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में अलग–अलग विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वहीं, सिंगरौली जिले में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरई में हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर में जनजातीय और महिला सम्मेलन में भाग लेंगे।

<u>राष्ट्रपति-डूरंड कप</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 के ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि खेलों से अनुशासन, दृढ़ निश्चय और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, धर्मों, देशों को एकजुट करने की अनोखी क्षमता है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत में खेल राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं।

अमरनाथ यात्रा

कश्मीर के पहलगाम और बालताल से अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। कल से शुरु हुई इस 38 दिवसीय यात्रा के दोनों मार्गों से कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच श्रद्धालु बड़े सवेरे ही जाने शुरू हो गए।

हिमालय में बारह हजार सात सौ 56 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में पवित्र हिमलिंग बनता है। तीन हजार तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पहलगाम रास्ते से चंदनवाड़ी के लिए रवाना हुआ और बालताल शिविर से सात हजार सात सौ से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा के लिए रवाना हुए। इस बीच, जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से आज सवेरे दो सौ 91 वाहनों से छह हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ।

मौसम

प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई जगहों पर नदी नाले उफान पर आ गए हैं। आज मौसम विभाग ने मंडला समेत 7 जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है, जबकि 23 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। अगले 4 दिन तक तेज बारिश का दौर बना रहेगा। प्रदेश में कल से तेज बारिश का दौर जारी । डिंडौरी में सिवनी नदी का पानी पुल पर आने से जबलपुर- अमरकंटक राजमार्ग बंद हो गया है। मंडला के बिछिया इलाके में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात बन गए। यहां 70 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया। शिवपुरी के कोलारस, निवाड़ी के ओरछा, गुना जिले के कई गांवों में भी पानी भर गया है। उमरिया में कथली नदी का पानी पुल तक पहुंच गया। राजधानी भोपाल में आज भी सुबह से बारिश हो रही है।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 10 जुलाई को शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।
- छिंदवाड़ा जिले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने गैर औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न 5 इकाइयों की लीज निरस्त कर दी है।
- शिवपुरी कलेक्टर की अध्यक्षता में कल सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चर्चा की गई।
- बालाघाट जिले में मिशान शक्ति योजना के तहत कल लांजी तहसील के ग्राम पंचायत भिमोड़ी, दुल्हापुर एवं बिसोनी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- भारत और इग्लैण्ड के बीच बर्मिंघम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच का आज तीसरा दिन है। इग्लैण्ड अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 77 रन से आगे खेलेगा। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये हैं।